**कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष भू–प्रबंध), सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल**

क्रमांक / एफ–5 / 1112 / 2022 / 10–11 / 641 भोपाल, दिनांक 09/02/2023

प्रति,

वन मण्डलाधिकारी,
सामान्य वन मण्डल, धार, मध्यप्रदेश।

**विषयः– धार जिले में पर्यटन विकास के उद्देश्य से ग्राम मालीपुरा से ग्राम सुलीबर्डी तक पानी की पाईप लाईन डालने हेतु 0.067 हेक्टेयर वनभूमि मेसर्स, मांडवगढ़ होटल प्राईवेट लिमिटेड को उपयोग पर देने बाबत।**

संदर्भः– आपका पत्र क्रमांक / मा.चि. / 2023 / 229 दिनांक 14.01.2023 .

**----0----**

उपरोक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करें, जिसके द्वारा आपने विषयांकित प्रकरण में भारत सरकार भोपाल के पत्र दिनांक 17.06.2022 द्वारा चाही गई 09 बिन्दुओं की जानकारी इस कार्यालय को भेजी है।

आपके द्वारा प्रेषित जानकारी का परीक्षण किया गया। उक्त जानकारी के बिन्दु क्रमांक 3 एवं 4 के पालन में अन्य विकल्पों की KML file अपलोड कर सी.डी. में नहीं भेजी गई है। बिन्दु क्रमांक 6 में पालन में आवेदक संस्थान द्वारा दिए गए जस्टिफिकेशन पर आपके द्वारा प्रतिहस्ताक्षर नहीं किए गए हैं एवं बिन्दु क्रमांक 8 के पालन में पूर्ण वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना नहीं भेजी गई है।

अतः उपरोक्त जानकारी तत्काल इस कार्यालय को भिजवायें, ताकि प्रकरण में स्वीकृति प्राप्त करने की कार्यवाही की जा सके।

9/2/2023

(सुनील अग्रवाल)
**प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबन्ध)**
**मध्य प्रदेश, भोपाल**

पृ. क्रमांक / एफ–5 / 1112 / 2022 / 10–11 / 642 भोपाल, दिनांक 09/02/2023

प्रतिलिपिः–

1. अप्रर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, इन्दौर वृत्त, इन्दौर, मध्यप्रदेश।
2. मेसर्स, मांडवगढ़ होटल प्राईवेट लिमिटेड, हिरन मगरी, सेक्टर–3 उदयपुर, राजस्थान।

की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

9/2/2023

**प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)**
**मध्यप्रदेश, भोपाल**

E:\Rakesh\2023\2MISC 2023.doc